# राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला

# वार्षिक प्रतिवेदन

2024-25

मुख्य-अतिथि

**श्री कौल सिंह ठाकुर**

पूर्व मंत्री



**17वाँ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह**



प्रस्तुति

**डॉ० कल्याण चंद मंढोत्रा**

प्राचार्य

# राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला,
# जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश
# वार्षिक प्रतिवेदन
# सत्र : 2024–2025

मान्यवर,

आज राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला अपना 17वाँ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित कर रहा है। आप सभी का यहाँ पर मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ। यह हमारे लिए अत्यन्त हर्ष का विषय है कि इस समारोह के मुख्य–अतिथि के रूप में हमारे मध्य पूर्व मंत्री परम आदरणीय ठाकुर कौल सिंह जी विराजमान है।

महाविद्यालय परिवार आप जैसे महानुभाव को मुख्य–अतिथि के रूप में अपने मध्य उपस्थित पाकर अपने आपको गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। माननीय मुख्य–अतिथि महोदय की कर्मठता, समर्पण एवं समाज सेवा से हम सभी परिचित हैं। आप का जन्म 23 नवम्बर, 1945 को सांवल, मंडी में हुआ। आप ने स्नातक की शिक्षा वल्लभ महाविद्यालय मंडी से तथा LLB की शिक्षा पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से पूर्ण की। छात्र जीवन में आप NCC में Senior Officer रहे तथा सन् 1967 में गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। सन् 1977 में द्रंग विधान सभा क्षेत्र से पहली बार विजय शंखनाद करते हुए राजनीतिक क्षेत्र में पदार्पण किया तथा आठ बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान आप विभिन्न पदों जैसे– उपाध्यक्ष, राज्य योजना बोर्ड (1983); राज्य मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, संसदीय कार्य तथा विधि (1985–90); अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश विधान सभा (1993–98); जन स्वास्थ्य एवं सिंचाई, कानून एवं न्याय, शहरी विकास तथा संसदीय कार्य मंत्री (2003–2007); स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, राजस्व तथा विधि मन्त्री (2012–2017) पर आसीन रहे।

हमारे मध्य उपस्थित अभिभावक, शिक्षक–अभिभावक संघ के सदस्य, पूर्व छात्रसंघ के सदस्य, गणमान्य व्यक्ति तथा पत्रकार बन्धु, मैं आप सभी का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन करता हूँ।

घोघरधार की गोद में बसा और हिमरी गंगा के चरणों में स्थित, सुरम्य घाटियों से आच्छादित राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला वर्ष 2006 में स्थापित हुआ। इस महाविद्यालय की स्थापना ने पहाड़ी क्षेत्रों की प्रगति और समृद्धि के नए द्वार खोले हैं। यह संस्थान न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि यहां के अनेक छात्र विभिन्न सरकारी पदों पर चयनित होकर महाविद्यालय का नाम रोशन कर चुके हैं। लगभग दो दशकों की गौरवमयी यात्रा पूर्ण कर चुके इस संस्थान की नींव आपके अथक प्रयासों से संभव हुई है। भविष्य में भी आपका मार्गदर्शन इस संस्थान की उन्नति और उत्कृष्टता के लिए बना रहे, यही हम सभी की अभिलाषा है।

महोदय, मैं इस सत्र का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की अनुमति चाहता हूँ।

## प्रवेश विवरणः—

शैक्षणिक सत्र 2024—2025 में महाविद्यालय के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों के प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की कक्षाए चल रही हैं। वर्तमान में कुल 411 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें 132 छात्र एवं 279 छात्राएं शामिल हैं। विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैः—

| कक्षा | छात्र | छात्राएं | कुल |
|---|---|---|---|
| बी०ए० प्रथम वर्ष | 35 | 67 | 102 |
| बी०ए० द्वितीय वर्ष | 31 | 92 | 123 |
| बी०ए० तृतीय वर्ष | 40 | 76 | 116 |
| बी०एस०सी० प्रथम वर्ष | 08 | 13 | 21 |
| बी०एस०सी० द्वितीय वर्ष | 08 | 12 | 20 |
| बी०एस०सी० तृतीय वर्ष | 09 | 07 | 16 |
| बी०कॉम० प्रथम वर्ष | 01 | 04 | 05 |
| बी०कॉम० द्वितीय वर्ष | 0 | 06 | 06 |
| बी०कॉम० तृतीय वर्ष | 0 | 02 | 02 |
| **कुल योग** | **132** | **279** | **411** |

## कर्मचारियों की स्थिति

**शिक्षक वर्गः—** महाविद्यालय के विभिन्न संकायो में शिक्षक वर्ग के 18 पद सृजित हैं, जिसमें 15 प्राध्यापक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

**गैर शिक्षक वर्गः**— गैर शिक्षक वर्ग में 31 पद सृजित हैं, जिनमें 18 पदों पर कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

**रिक्तियाँः—** महाविद्यालय में प्राध्यापक के 03 पद, पुस्तकालय स्टाफ में 03, प्रयोगशाला स्टाफ में 06 (वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक के 02 तथा कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक के 04), संगीत विभाग में तबला अनुदेशक का 01, स्टोर कीपर का 01 तथा सफाई कर्मचारी के 02 पद रिक्त हैं। इस तरह कुल 16 पद खाली चल रहे हैं। रिक्तियों का विस्तृत विवरण तालिका द्वारा स्पष्ट किया गया हैः—

## शिक्षक वर्गः—

| क्र० स० | विषय | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | नियमित | अनुबन्ध | |
| 1 | प्राचार्य | 01 | 01 | . | . |
| 2 | अंग्रेजी | 02 | 01 | 01 | |
| 3 | हिन्दी | 01 | 01 | . | . |
| 4 | राजनीतिशास्त्र | 01 | 01 | . | . |
| 5 | समाजशास्त्र | 01 | 01 | . | . |
| 6 | भूगोल | 01 | 01 | . | . |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | संगीत (स्वर) | 01 | . | . | 01 |
| 8 | अर्थशास्त्र | 01 | 01 | . | . |
| 9 | इतिहास | 01 | 01 | . | . |
| 10 | गणित | 01 | 01 | . | . |
| 11 | वाणिज्य | 02 | 01 | 01 | . |
| 12 | भौतिक विज्ञान | 02 | 01 | . | 01 |
| 13 | रसायन विज्ञान | 02 | 01 | . | 01 |
| 14 | वनस्पति विज्ञान | 01 | 01 | . | . |
| 15 | प्राणी विज्ञान | 01 | 01 | . | . |
| **कुल** | | **19** | **14** | **02** | **03** |

## गैर शिक्षक वर्गः–

| क्र० स० | विषय | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | नियमित | अनुबन्ध | |
| 1 | अधीक्षक ग्रेड–I | 01 | 01 | - | - |
| 2 | वरिष्ठ सहायक | 01 | 01 | - | - |
| 3 | लिपिक | 01 | 01 | - | - |
| 4 | कनिष्ठ ऑफिस सहायक (सूचना प्रौद्योगिकी) | 02 | 02 | - | - |
| 5 | स्टोर कीपर | 01 | - | - | 01 |
| 6 | पुस्तकालयध्यक्ष | 01 | - | - | 01 |
| 7 | सहायक पुस्तकालयध्यक्ष | 02 | 02 | - | - |
| 8 | पुस्तकालय परिचर | 01 | - | - | 01 |
| 9 | पुस्तकालय संरक्षक | 01 | - | - | 01 |
| 10 | व० प्रवक्ता सहायक | 02 | - | . | 02 |
| 11 | क० प्रवक्ता सहायक | 04 | - | - | 04 |
| 12 | प्रयोगशाला परिचर | 05 | 05 | - | - |
| 13 | तबलावादक | 01 | - | - | 01 |
| 14 | सेवादार | 06 | 06 | - | - |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | सफाई कर्मचारी | 02 | - | - | 02 |
| **कुल** | | **31** | **18** | **-** | **13** |
| **कुल (1+2)** | | **50** | **32** | **02** | **16** |

## स्थानान्तरणः—

**महाविद्यालय में सम्मिलित नए सदस्यः—** डॉ० बन्दना देवी (अंग्रेजी विभाग) और श्री सीता राम (अधिक्षक ग्रेड–1) इस सत्र में महाविद्यालय परिवार का हिस्सा बनें।

**स्थानान्तरित सदस्यः—** इस सत्र में प्रो० निशा वैद्य (भौतिक विज्ञान) और प्रो० आशा कुमारी (अंग्रेजी) का स्थानांतरण हुआ।

**पदोन्नतिः—** इस सत्र में डॉ० कल्याण चन्द मंढोत्रा और प्रो० निशा वैद्य प्राचार्य पद पर पदोन्नत हुए।

**सेवानिवृतिः—** इस सत्र में श्रीमती वंदना वैद्य प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त हुईं।

**शैक्षणिक परिणामः—** इस सत्र में महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा।

| संकाय | कक्षा | नाम | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| कला संकाय (Arts) | प्रथम वर्ष (1st Year) | रीना कुमारी | प्रथम |
| | | नेहा | द्वितीय |
| | | पल्वी ठाकुर | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | प्रथम वर्ष (1st Year) | योगेश | प्रथम |
| | | नमिता ठाकुर | द्वितीय |
| | | लक्की | तृतीय |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | प्रथम वर्ष (1st Year) | प्रिया | प्रथम |
| | | जागृति | द्वितीय |
| कला संकाय (Arts) | द्वितीय वर्ष (2nd Year) | प्रिया चौहान | प्रथम |
| | | तानिया | द्वितीय |
| | | कल्पना देवी | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | द्वितीय वर्ष (2nd Year) | सुनाक्षी | प्रथम |
| | | राहुल ठाकुर | द्वितीय |
| | | रोहिणी | तृतीय |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | द्वितीय वर्ष (2nd Year) | रचना कुमारी | प्रथम |
| | तृतीय वर्ष | पलक | प्रथम |

| | | | |
|---|---|---|---|
| कला संकाय (Arts) | (3rd Year) | मनीषा देवी | द्वितीय |
| | | जगदीश | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | तृतीय वर्ष (3rd Year) | मानसी ठाकुर | प्रथम |
| | | दीपक | द्वितीय |
| | | चिराग | तृतीय |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | तृतीय वर्ष (3rd Year) | शिवांगी | प्रथम |
| | | बिपना | द्वितीय |
| | | रितेश | तृतीय |

## केन्द्रीय छात्र परिषद (CSCA):—

इस सत्र में सरदार पटेल विश्वविद्यालय मण्डी (हि०प्र०) द्वारा निर्दिष्ट दिशा—निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक वरीयता क्रम के आधार पर केन्द्रीय छात्र परिषद् का मनोनयन किया गया। 09 अक्तूबर, 2024 को प्राचार्य डॉ० कल्याण चन्द मंढोत्रा की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। मन्नोनीत सदस्यों का विवरण इस प्रकार से है:—

| **पदाधिकारी** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र०सं०** | **पद** | **नाम** | **कक्षा** | **अनुक्रमांक** |
| 1. | अध्यक्ष | प्रिया चौहान | बी०ए० तृतीय | 202201501001108 |
| 2. | उपाध्यक्ष | सुनाक्षी | बी०एस०सी० तृतीय | 202201501002015 |
| 3. | सचिव | रीना कुमारी | बी०ए० द्वितीय | 202201501001059 |
| 4. | सयुंक्त सचिव | हीना | बी०कॉम० प्रथम | 24BCM002 |
| **शैक्षिक सदस्य** | | | | |
| 1. | सदस्य | तानिया | बी०ए० तृतीय | 202201501001150 |
| 2. | सदस्य | नेहा | बी०ए० द्वितीय | 202301501001044 |
| 3. | सदस्य | ईशा | बी०ए० प्रथम | 24HIS016 |
| 4. | सदस्य | राहुल ठाकुर | बी०एस०सी० तृतीय | 202201501003004 |
| 5. | सदस्य | नमिता ठाकुर | बी०एस०सी० द्वितीय | 202301501002002 |
| 6. | सदस्य | रजत | बी०एस०सी० प्रथम | 24BSM001 |
| 7. | सदस्य | रचना कुमारी | बी०कॉम० तृतीय | 202201501004002 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8. | सदस्य | जागृति | बी०कॉम० द्वितीय | 202301501004002 |
| 9. | सदस्य | हर्षिता ठाकुर | बी०कॉम० प्रथम | 24BCM001 |
| **सदस्य अन्य श्रेणियों से** | | | | |
| 1. | सदस्य (NCC) | कमलेश्वर चौहान | बी०ए० तृतीय | 202201501001051 |
| 2. | सदस्य (NCC) | अंकिता | बी०ए० तृतीय | 202201501001018 |
| 3. | सदस्य (NSS) | महिमा | बी०ए० तृतीय | 202201501001061 |
| 4. | सदस्य (NSS) | निशान्त शर्मा | बी०ए० तृतीय | 202201501001087 |
| 5. | सदस्य (Rover) | आदित्य ठाकुर | बी०ए० द्वितीय | 202301501001094 |
| 6. | सदस्य (Ranger) | पायल | बी०ए० द्वितीय | 202201501001096 |
| 7. | सदस्य (Cultural) | धनेश्वरी | बी०ए० द्वितीय | 202301501001017 |
| 8. | सदस्य (Cultural) | ममता देवी | बी०ए० द्वितीय | 202301501001036 |
| 9. | सदस्य (Sports) | योगेश | बी०एस०सी० द्वितीय | 202301501003009 |
| 10. | सदस्य (Sports) | ईशा देवी | बी०ए० द्वितीय | 202301501001024 |
| 11. | सदस्य (RedRibbon Club) | अंजली | बी०एस०सी० तृतीय | 202201501002002 |
| 12. | सदस्य (Eco Club) | निशा कुमारी | बी०एस०सी० तृतीय | 202201501003003 |

27 फरवरी, 2025 को महाविद्यालय में CSCA समारोह आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कल्याण चन्द मंढोत्रा मुख्य अतिथि रहे। CSCA अध्यक्षा प्रिया चौहान ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में नाटी, गीत, मॉडलिंग और एकल नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं।

### अभिभावक शिक्षक संघ (Parent Teacher Association):–

05 अक्तूबर, 2024 को महाविद्यालय में अभिभावक–शिक्षक संघ (PTA) की कार्यकारिणी का गठन कार्यकारी प्राचार्या प्रो० निशा वैद्य की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। महाविद्यालय के विकास कार्यों में इस संघ की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। बैठक के दौरान निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गए:–

| क्र० स० | पद | नाम |
|---|---|---|
| 1 | प्रधान | श्री जीवन सिंह |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | उप–प्रधान | श्री देश राज |
| 3 | सचिव | डॉ० ममता परमार |
| 4 | सह–सचिव | श्रीमती रीना देवी |
| 5 | कोषाध्यक्ष | श्री भागी राम |
| 6 | सदस्य | प्रो० चन्द्र पाल |
| 7 | सदस्य | प्रो० संदीप कुमार |
| 8 | सदस्य | प्रो० सुरेश कुमार |
| 9 | सदस्य | श्री नवीन कुमार |
| 10 | सदस्य | श्री गोपाल सिंह |

**PTA FUND** से एक सफाई कर्मचारी की सेवाएं ली जा रही है।

## भूतपूर्व छात्र संघ (Old Students Association) :–

21 दिसम्बर, 2024 को महाविद्यालय में पूर्व छात्र संघ (OSA) की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। इसके सदस्य निम्नलिखित हैं:–

| | |
|---|---|
| **प्रधान** | **श्री भूवनेश्वर** |
| **उप–प्रधान** | **कु० दिक्षा कुमारी** |
| **महासचिव** | **श्री चन्द्र शेखर** |
| **संयुक्त–सचिव** | **श्री परिक्षित** |
| **कोषाध्यक्ष** | **श्री सोम दत्त** |
| **सदस्य** | **श्री विपत राम** |
| **सदस्य** | **श्री नरेश** |
| **सदस्य** | **श्री निखिल** |
| **सदस्य** | **श्री छोटू यादव** |
| **सदस्य** | **श्री युव राज** |

## छात्रवृत्तियाँ:–

इस सत्र में वितरित छात्रवृत्तियों का विवरण इस प्रकार है:–

| क्रम संख्या | छात्रवृति | छात्र संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति | 06 |
| 2 | अनुसूचित जनजाति | 04 |
| 3 | ओबीसी | 26 |
| 4 | कल्पना चावला | 10 |
| 5 | सामान्य श्रेणी | 43 |

## पुस्तकालय (Library):–

पुस्तकालय किसी भी शिक्षण संस्थान की मुख्य सम्पत्ति होती है। महाविद्यालय में विभिन्न विषयों की कुल 4000 बहुमुल्य पुस्तकें हैं। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के ज्ञानवर्द्धन के लिए 05 दैनिक समाचार पत्र, 03 मासिक पत्रिकाएं उपलब्ध हैं। पुस्तकालय के आधुनिकीकरण के लिए SOUL सॉफ्टवेर उपलब्ध है। हमारे महाविद्यालय में पुस्तकालय स्वचालन का कार्य लगभग पुर्ण हो चुका है। जिससे पाठकों को कम समय में सही सूचना प्रदान की जाएगी। महाविद्यालय द्वारा छात्रों के हित को देखते हुए प्रतिवर्ष प्राध्यापकों के सुझाव पर पुस्तकालय हेतु पुस्तकें क्रय की जाती हैं।

## युवा समारोह (Youth Festival):–

- 12–14 नवम्बर, 2024 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा समारोह ग्रुप–III में महाविद्यालय की 12 छात्राओं ने डॉ० ममता परमार और प्रो० कंचना देवी के नेतृत्व में गौतम महाविद्यालय, हमीरपुर में भाग लिया।

## महिला प्रकोष्ठ (Women Cell) :–

महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ० ममता परमार हैं।

- 07 मार्च, 2025 को महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ तथा नेहरू युवा केंद्र मंडी द्वारा संयुक्त रूप से 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया गया। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी भारती मोंगरा मुख्य–अतिथि रहीं। इस वर्ष महिला दिवस की थीम 'कार्रवाई को गति दें' है। प्राचार्य डॉ० कल्याण चंद मंढोत्रा ने मुख्य–अतिथि का पारंपरिक शॉल, टोपी व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। भारती मोंगरा ने महिला सशक्तिकरण, सरकारी योजनाओं और मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षा, आत्मनिर्भरता और संघर्षशीलता को सशक्तिकरण का मूल मंत्र बताते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। अनीता और राहुल शर्मा को जेंडर गर्ल व जेंडर बॉय के रूप में चुना गया।

## जीविका परामर्श प्रकोष्ठ (Career Counselling Cell) :–

जीविका परामर्श प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ० संजय सहगल हैं।

- 13 अगस्त, 2024 को वाणिज्य विभाग व करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ ने कंपनी सचिव पाठ्यक्रम पर सत्र आयोजित किया। आशुतोष ठाकुर (**शमला चैप्टर**) ने कंपनी सचिव पाठ्यक्रम, संरचना व करियर संभावनाओं पर जानकारी दी। प्रो० नीलम ने इसे करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## खेलकूद (Sports):–

महाविद्यालय में खेलकूद प्रभारी प्रो० संदीप कुमार हैं।

- 14 से 16 अक्तूबर, 2024 को महाविद्यालय की 04 छात्राओं ने राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा में टीम प्रभारी डॉ० आशा सिंह के नेतृत्व में इंटर–कॉलेज चेस प्रतियोगिता (महिला) में भाग लिया और चौथा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा गायत्री का चयन नेशनल ट्रायल्स के लिए हुआ।

- 15 से 17 अक्तूबर, 2024 को महाविद्यालय की 12 छात्राओं ने राजकीय महाविद्यालय भोरंज में टीम प्रभारी प्रो० अनीता कुमारी और प्रो० हुक्म चंद के नेतृत्व में इंटर–कॉलेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता (महिला) में भाग लिया और क्वार्टर फाइनल तक खेला।
- 23 से 25 अक्तूबर, 2024 को महाविद्यालय के 12 छात्रों ने राजकीय महाविद्यालय सीमा में टीम प्रभारी प्रो० हुक्म चंद के नेतृत्व में इंटर–कॉलेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता (पुरुष) में भाग लिया और प्रि–क्वार्टर फाइनल तक खेला।
- 11 से 13 नवंबर, 2024 तक महाविद्यालय की 04 छात्राओं ने राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में टीम प्रभारी डॉ० सरोज कुमारी शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इंटर–कॉलेज बैडमिंटन प्रतियोगिता (महिला) में भाग लिया और क्वार्टर फाइनल तक खेला।
- 17 से 19 दिसम्बर, 2024 को महाविद्यालय के 09 छात्र–छात्राओं ने गवर्नमेंट कॉलेज नालागढ़ में टीम प्रभारी प्रो० हुक्म चंद और गीता देवी के नेतृत्व में इंटर–कॉलेज 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग प्रतियोगिता (पुरुष/महिला) में भाग लिया।
- 11 फरवरी, 2025 को महाविद्यालय में एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ० कल्याण चंद मंढोत्रा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। इस कार्यक्रम में 100 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर दौड़, शॉट पुट, लम्बी कूद, ऊंची कूद तथा भाला फैंकना जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS):–

एनएसएस इकाई प्रो० सुरेश कुमार के नेतृत्व में कार्यरत है। इस वर्ष एनएसएस में लगभग 92 स्वयंसेवी पंजीकृत हैं।

- 23 सितम्बर, 2024 को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर में अनेक पौधे लगाए गए।
- 24 सितम्बर, 2024 को स्वयंसेवकों द्वारा 'एनएसएस स्थापना दिवस' के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।
- 28 अक्तूबर, 2024 को 'स्वच्छ भारत अभियान' के अन्तर्गत स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की तथा प्लास्टिक कचरे का निदान किया।
- 19 नवम्बर, 2024 को एनएसएस ईकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर की सफाई की गई।

## भारत स्काउट एण्ड गाइड (Bharat Scout and Guide):–

रोवर्स एवं रेन्जर इकाई डॉ० ममता परमार और प्रो० अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्य कर रही है। इसमें 30 रेन्जर व 08 रोवर्स पंजीकृत हैं।

- 18 जुलाई, 2024 को पधर में आयोजित एकदिवसीय स्वास्थ्य शिविर में 05 रेंजर और 03 रोवर्स ने भाग लिया।
- 01 अगस्त, 2024 को विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस मनाया गया। जिसमें 20 रेंजर्स और 09 रोवर्स ने भाग लिया। जिसमें नए विद्यार्थियों को स्कार्फ और यूनिफॉर्म के महत्व के बारे में बताया गया।
- 23 सितम्बर, 2024 को रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई द्वारा महाविद्यालय में आयोजित 'दीक्षा संस्कार' समारोह के अंतर्गत प्रवेश स्तर पर 15 रोवर्स व रेंजर को शामिल किया तथा शपथ दिलाई।

- 15 अक्तूबर, 2024 को रोवर्स और रेंजर ईकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर की सफाई की गई।
- 17 अक्तूबर, 2024 को 14 रोवर्स व 08 रेंजर ने गंगा हिल ट्रैकिंग में भाग लिया।
- 14–21 अक्तूबर, 2024 में फायर सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 20 रोवर्स ने भाग लिया। इसमें स्वयंसेवियों ने आपदाओं से बचने के गुण सीखे।
- 07 नवम्बर, 2024 को भारत स्काऊट एंड गाइड संस्था का 75 वाँ 'स्थापना दिवस' मनाया गया।
- 09 नवम्बर, 2024 तक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केंन्द्र रिवालसर में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय 'निपुण टैस्टिंग कैंप' में 02 रोवर्स और 08 रेंजर स्वयंसेवियों ने भाग लिया।
- 27 नवम्बर–01 दिसम्बर, 2024 तक प्रारंभिक गणतंत्र दिवस शिविर के लिए चयन कार्यक्रम का आयोजन, राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र रिवालसर में किया गया। इस कैंप में महाविद्यालय के 06 रेंजर स्वयंसेवियों का चयन Pre–RDC के लिए हुआ।

## राष्ट्रीय कैडट कोर (NCC) :–

महाविद्यालय में NCC केयरटेकर प्रो० हुक्म चंद हैं। जिसमें 28 कैडेट SD तथा 22 कैडेट SW पंजीकृत है।

- 5 जून, 2024 को पर्यावरण दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा वृक्षारोपण एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए कैडेट्स ने हरित भविष्य का संदेश दिया।
- 21 जून, 2024 को JOA सुखदेव की देखरेख में एनसीसी कैडेट्स द्वारा 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाया गया।
- 20 अगस्त, 2024 को एनसीसी नामांकन प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें 39 छात्रों ने भाग लिया। नायब सूबेदार विनोद कुमार और हवलदार अनवर चोपड़ा की देख–रेख में शारीरिक फिटनेस व मानसिक परीक्षा के आधार पर 22 छात्र चयनित हुए।
- 9 सितम्बर, 2024 को एक दिवसीय प्रशिक्षण में SUO अंशुल महंत ने कैडेट्स को ड्रिल, सलामी, वर्ड ऑफ कमांड, गार्ड ऑफ ऑनर एवं एनसीसी के भविष्य के अवसरों पर प्रशिक्षित किया। इस प्रशिक्षण से कैडेट्स में अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित हुई।
- 21 सितम्बर, 2024 को 'स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता' थीम के तहत एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। जिसमें प्लास्टिक रैपर्स, बोतलें और अन्य गैर–बायोडिग्रेडेबल कचरा एकत्रित किया गया। इस अभियान में कैडेट्स ने मिलकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया।
- 24 सितम्बर, 2024 को एनसीसी द्वारा एनएसएस, रोवर्स और रेंजर्स और प्राणी विज्ञान विभाग के सहयोग से 'विश्व नदी दिवस' उत्साहपूर्वक मनाया। मुख्य–अतिथि डॉ० संजय सहगल ने जल संरक्षण के महत्व और इसकी भविष्य में बढ़ती भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान प्रो० हुक्म चंद ने 'हिमाचल की नदियों' विषय पर विस्तृत पीपीटी प्रस्तुत की।
- 26 सितम्बर, 2024 को एनसीसी कैडेटों ने 'स्वस्थ भारत की नई पहचान–आभा कार्ड' विषय के अंतर्गत डिजिटल हेल्थ, डिजिटल इंडिया जैसे प्रभावशाली नारे बनाकर डिजिटल स्वास्थ्य प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया और जागरूकता फैलाई।

- 27 सितम्बर, 2024 को 'विश्व पर्यटन दिवस' पर प्रो. हुक्म चंद ने हिमाचल प्रदेश के ऐतिहासिक स्थलों पर पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन दिया। कैडेट रौनक, कोमल, कमलेश, दर्शना और साक्षी ने समृद्ध सांस्कृतिक धरोहरों, पर्यटन और शांति पर भाषण दिया।
- 1–3 अक्तूबर, 2024 तक एनसीसी कैडेट्स ने 'एक पेड़ माँ के नाम' पर वृक्षारोपण अभियान और स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया। साथ ही, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित ऑफलाइन क्विज, पोस्टर निर्माण और स्वच्छता शपथ भी आयोजित की गई।
- 23 सितम्बर–04 अक्तूबर, 2024 तक कैडेट्स ने 100 एफ डी धर्मशाला में आर्मी अटैचमेंट कैंप में तथा 14–23 नवम्बर, 2024 तक एनुअल ट्रेनिंग कैंप पंडोह में भाग लिया।
- 4–13 अक्तूबर, 2024 तक कैडेट अंकिता ने डलहौजी चंबा में प्री–आरडीसी कैंप में भाग लिया।
- 7 नवम्बर, 2024 को एनसीसी रैंक समारोह में प्राचार्य डॉ० कल्याण चंद जी मुख्य–अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को रैंक प्रदान कर उनका सम्मान किया।
- 26 नवम्बर, 2024 को एनसीसी दिवस पर पोस्टर मेकिंग, स्वच्छता अभियान और ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, 14 से 23 नवंबर तक पंडोह ट्रांजिट कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को भी सम्मानित किया गया। जिसमें गार्ड ऑफ ऑनर में निशा, अंजलि, शिवानी, रौनक, कोमल और धनेश्वरी ने प्रथम स्थान, फायरिंग में शिवकरण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, और निशा को सर्वश्रेष्ठ कैडेट का पुरस्कार मिला।
- 25 जनवरी, 2025 को 'पूर्ण राज्यत्व दिवस' के उपलक्ष्य पर एनसीसी कैडेट्स ने ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें धनेश्वरी ने प्रथम स्थान तथा रौनक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- 26 जनवरी, 2025 को 'गणतन्त्र दिवस' के उपलक्ष्य पर 22 कैडेट्स ने परेड में भाग लिया। जिसमें तहसीलदार श्रीमती भावना वर्मा जी बतौर मुख्य–अतिथि उपस्थित रहीं।

## ऊर्जा क्लब (Energy Club):–

ऊर्जा क्लब के प्रभारी प्रो० संदीप कुमार हैं।

- 14 दिसम्बर, 2024 को 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' के अवसर पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया और छात्रों को ऊर्जा संरक्षण के सात प्रभावी तरीकों पर आधारित पर्चे वितरित किए गए। इस प्रयास से छात्रों में ऊर्जा बचत के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।

## वसुंधरा ईको क्लब (Eco Club):–

ईको क्लब की प्रभारी डॉ० पूनम चौधरी हैं।

- 07 अक्तूबर, 2024 को वसुंधरा ईको क्लब एवं प्राणी विज्ञान विभाग ने संयुक्त रूप से विश्व आवासीय दिवस मनाया। इस अवसर पर प्रो० हुक्म चंद ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से विस्तृत व्याख्यान दिया।
- 18 नवम्बर, 2024 को वसुंधरा ईको क्लब द्वारा रसायन, गणित और वाणिज्य विभाग के नेतृत्व में संयुक्त रूप से विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन हेतु साइंस सेंटर और कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया।

## रेड रिबन क्लब (Red Ribbon Club):—

रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी डॉ० बन्दना देवी हैं।

- 30 सितम्बर, 2024 को रेड रिबन क्लब द्वारा HIV/AIDS जागरुकता अभियान के तहत एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने परिसर में मानव श्रृंखला बनाकर एड्स से बचने का संदेश दिया।
- 07 अक्तूबर, 2024 को 'जादू की झप्पी' अभियान के तहत रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी/एड्स जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। नागरिक अस्पताल जोगिंदर नगर की काउंसलर श्रीमती कृष्णा वर्मा ने इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर एचआईवी संक्रमित महिला श्रीमती नीला वती भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने विद्यार्थियों के समक्ष अपने अनुभव साझा किए।
- 14 अक्तूबर, 2024 को रेड रिबन क्लब द्वारा HIV/AIDS से सम्बन्धित नुक्कड़ नाटक का आयोजन महाविद्यालय प्रांगन में किया गया, जिसका उद्देश्य HIV/AIDS के प्रति जागरुक करना था। बीएससी प्रथम वर्ष की छात्राओं ने इसमें महत्वमूर्ण भूमिका निभाई।
- 22 नवम्बर, 2024 को महाविद्यालय में HIV/AIDS से संबंधित लघुचित्र दिखाया गया।
- 02 दिसम्बर, 2024 को 'विश्व एड्स दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर HIV/AIDS जागरुकता अभियान के अन्तर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया तथा मानव श्रृंखला बनाकर HIV/AIDS के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई।

## रेड क्रास सोसाईटी (Red Cross Society):—

रेड क्रास सोसाईटी की प्रभारी प्रो० अनीता कुमारी है।

- 14 सितम्बर, 2024 को 'विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस' पर रेड क्रॉस सोसाइटी ने एनसीसी, रोवर्स एवं रेंजर्स, और एनएसएस के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें वीडियो व पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से छात्रों को जागरूक किया गया।
- 02 दिसम्बर, 2024 को रेड क्रास सोसाईटी द्वारा 'विश्व एड्स दिवस' मनाया गया। इस कार्यक्रम में 'पोस्टर मेकिंग' प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को HIV/AIDS के बारे में जागरुक किया गया।

## सड़क सुरक्षा क्लब (Road Safety Club):—

सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक प्रो० संदीप कुमार है।

- 07 दिसम्बर, 2024 को 'सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान' के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा महाविद्यालय के प्रागंण में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए जागरुक किया गया।
- 11 दिसम्बर, 2024 को सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत विभिन्न सिग्नलों, नियमों तथा संकेतों पर आधारित प्रश्नोत्तरी तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 21 दिसम्बर, 2024 को सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत विभिन्न सिग्नलों, नियमों तथा संकेतों पर आधारित पर्चों के

माध्यम से विद्यार्थियों, ड्राइवरों तथा आम जनमानस में सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## निर्वाचन साक्षरता क्लब (Electoral Literacy Club):-

निर्वाचन साक्षरता क्लब के प्रभारी प्रो० चन्द्र पाल है।

- 26 नवम्बर, 2024 को निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा 'संविधान दिवस' मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रो० चन्द्र पाल ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के महत्व के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी, भाषण तथा नारा लेखन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

## डॉ० अब्दुल कलाम विज्ञान समिति (Dr. Abdul Kalam Science Society):–

- 23 अगस्त, 2024 को डॉ० एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान समिति के विज्ञान विभाग द्वारा प्रथम 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) द्वारा आयोजित लाइव स्ट्रीम को यूट्यूब के माध्यम से दिखाया गया।
- 03 मार्च, 2025 को प्राणी विज्ञान विभाग द्वारा 'विश्व वन्यजीव दिवस' मनाया गया। प्रो० हुक्म चंद ने वन्यजीव संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि विद्यार्थियों ने स्लोगनों के माध्यम से जागरूकता संदेश दिया।
- 05 मार्च, 2025 को प्रो० हुक्म चंद के नेतृत्व में प्राणी विज्ञान विभाग ने ट्राउट मत्स्य पालन फार्म, बरोट का शैक्षणिक भ्रमण किया, जहां छात्रों ने ट्राउट मछलियों के पालन, प्रजनन और पहचान की व्यवहारिक जानकारी ली।
- 23 नवंबर, 2025 को गणित विभाग द्वारा 'फिबोनाची दिवस' मनाया गया, जिसमें फिबोनाची श्रेणी और गोल्डन रेशो पर आधारित वीडियो प्रदर्शित किया गया तथा छात्रों ने ब्रेन एक्सरसाइज में भाग लिया।

## अन्य गतिविधियाँ:–

- 26 जुलाई, 2024 को महाविद्यालय में 'कारगिल विजय दिवस' मनाया गया। जिसमें एनसीसी, रोवर्स एवं रेंजर्स, और एनएसएस के स्वयंसेवियों ने सभी बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर उनके वीरतापूर्वक कार्यों को याद किया।
- 14 अगस्त, 2024 को 'स्वतंत्रता दिवस समारोह' के तहत एनसीसी, रोवर्स एवं रेंजर्स, एनएसएस और सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा देशभक्ति रैली निकाली गई, जिसमें देशभक्ति गीतों और नारों की गूंज रही। छात्रों को प्रेरित करने हेतु फिल्म 'गुंजन सक्सेना–द कारगिल गर्ल' दिखाई गई।
- 5 सितम्बर, 2024 को 'राष्ट्रीय शिक्षक दिवस' के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य आकर्षण संगीतमय प्रस्तुति और शिक्षकों के लिए आयोजित मनोरंजक प्रतिस्पर्धा रही।
- 14 सितम्बर, 2024 को प्रो० अनीता की अध्यक्षता में 'हिन्दी दिवस' मनाया गया, जिसमें कविता पाठ, भाषण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- 19 अक्तूबर, 2024 को गणित, वाणिज्य व अर्थशास्त्र विभाग ने संयुक्त रूप से 'सांख्यिकी दिवस' मनाया। डॉ० शालिनी गुप्ता (एसोसिएट प्रोफेसर, गणित व सांख्यिकी विभाग, HPU) ने

'डेटा–आधारित निर्णय लेने में सांख्यिकी का महत्व' विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। तत्पश्चात सांख्यिकी पर प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई।

- 14 नवंबर, 2024 को IQAC व वाणिज्य विभाग ने 'वित्तीय जागरूकता–करियर परामर्श और ऑनलाइन बैंकिंग की आवश्यकता' पर संगोष्ठी आयोजित की। मुख्य वक्ता पवन कुमार वर्मा (प्रबंधक, SBI कटिपरी) व श्याम लाल (सहायक प्रबंधक) ने करियर अवसरों, वित्तीय साक्षरता व सुरक्षित ऑनलाइन बैंकिंग पर मार्गदर्शन दिया।
- उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय ने आसपास के पाँच विद्यालय गोद लिए, जिनका दौरा विभिन्न तिथियों में किया गया। 26 नवंबर को पधर, 5 दिसंबर को उरला, 7 और 8 दिसंबर को सिउन और साहल, तथा 13 फरवरी को द्रंग विद्यालय का दौरा किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ० कल्याण चंद मंढोत्रा, डॉ० संजय सहगल, डॉ० ममता परमार, प्रो० संदीप कुमार, डॉ० बांदना देवी, प्रो० चंद्र पाल और प्रो० सुरेश कुमार ने विद्यालयों के प्रधानाचार्य व स्टाफ से चर्चा कर छात्रों की समस्याओं की जानकारी ली। छात्रों ने अपनी शैक्षणिक चुनौतियों, और व्यक्तिगत कठिनाइयों के बारे में खुलकर बताया। महाविद्यालय प्राध्यापकों ने उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और समाधान के उपाय बताये। इस पहल का उद्देश्य छात्रों के शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में मदद करना था।
- 19 फरवरी, 2025 को IQAC ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संग 'वेलनेस कार्यक्रम' आयोजित किया, जिसमें ब्रह्माकुमारी अंजना, मंजुला व सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता श्री सतीश विशेष रूप से उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारी अंजना ने ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला।

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

### प्रकाशन (Publication)

- प्रो० संदीप कुमार ने 'भारतीय औषधीय पौधों की शक्ति का उपयोग' विषयक शोध पत्र 'जर्नल ऑफ केमिकल हेल्थ रिस्क्स (स्कोपस)' में प्रकाशित किया।
- प्रो० संदीप कुमार ने 'सल्फ्यूरिक एसिड माध्यम में माइल्ड स्टील के लिए इमिडाजोलियम आधारित आयनिक तरल को संक्षारण अवरोधक के रूप में परीक्षणात्मक और सतह संरचनात्मक अध्ययन' विषयक शोध पत्र 'एशियन जर्नल ऑफ केमिस्ट्री (स्कोपस)' में प्रकाशित किया।

### कार्यशाला/संगोष्ठी (Workshop/Seminar)

- डॉ० संजय कुमार सहगल तथा प्रो० संदीप कुमार ने 6–12 नवम्बर, 2024 को महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, बद्दी सोलन द्वारा आयोजित 'पर्यावरणीय पुनर्स्थापन में प्रौद्योगिकी की भूमिका' विषय पर आयोजित साप्ताहिक राष्ट्रीय ई–कार्यशाला में भाग लिया।
- डॉ० आशा सिंह, डॉ० पूनम चौधरी तथा प्रो० नीलम ने 27 नवम्बर, 2024 को सांध्यकालीन अध्ययन विभाग, शिमला द्वारा आयोजित अनुसंधान के लिए 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) उपकरण' विषय पर आयोजित एक दिवसीय ई–कार्यशाला में भाग लिया।
- प्रो० अजय कुमार सिंह ने 21 सितम्बर, 2024 को वाणिज्य विभाग, राजकीय महाविद्यालय ज्वाली द्वारा आयोजित 'ई–फाइलिंग ऑफ ITR-2 (एक्सेल यूटिलिटी)' विषय पर आयोजित एक दिवसीय ई–कार्यशाला में भाग लिया।

- प्रो० नीलम ने 27 अप्रैल, 2024 को आर्थिक विभाग एवं शोध समिति, आर.के.एस.डी महाविद्यालय कैथल, हरियाणा द्वारा आयोजित 'शोध नैतिकता, साहित्यिक चोरी और शोध मापदंडों की समझ' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय ई–कार्यशाला में भाग लिया।
- प्रो० अनीता कुमारी ने 10 जनवरी, 2025 को 'विश्व हिंदी दिवस' के अवसर पर गांधी मेमोरियल नैशनल कॉलेज, अंबाला छावनी एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा 'वैश्विक फलक पर हिन्दी चीन के विशेष संदर्भ में' विषय पर आयोजित एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।
- प्रो० अनीता कुमारी ने 5 फरवरी, 2025 को गांधी मेमोरियल नैशनल कॉलेज, अंबाला छावनी के अंग्रेजी, हिंदी और संस्कृत विभागों द्वारा आयोजित 'साहित्य, संस्कृति और समाज' विषयक एक दिवसीय ऑनलाइन संगोष्ठी में भाग लिया।

## सम्मेलन/शोध पत्र प्रस्तुति (Conference/Research Paper Presentation)

- डॉ० संजय सहगल ने 18–19 अक्तूबर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय सिराज स्थित लम्बाथाच द्वारा आयोजित 'स्थानीय ज्ञान निर्माण का स्थानिकरण–लोकल बोलियों को सशक्त बनाने की दिशा में' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'सिराज में भौगोलिक प्रभाव का लोकल भाषा पर असर' विषय पर ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ० संजय सहगल ने 24–25 अक्तूबर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, मंडी द्वारा आयोजित 'संकटों में त्रिकोण से निपटने में प्रौद्योगिकी की भूमिका–जैव विविधता की हानि, जलवायु परिवर्तन और सतत भविष्य' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'हिमाचल प्रदेश में जलवायु कार्रवाई के लिए पर्यावरणीय शासन और नीतिगत ढांचे को सुदृढ़ बनाना' विषय पर ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ० संजय सहगल ने 25–26 नवम्बर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय भोरंज (तरक्वारी) द्वारा आयोजित 'सशक्त महिलाएँ, नवाचारी समाधान और सतत पर्यावरण–उदय 2024' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'हिमाचल प्रदेश के लिए कचरा प्रबंधन समाधान–पुनः उपयोग, कम करना और पुनः चक्रण पर ध्यान केंद्रित' विषय पर ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ० संजय सहगल ने 29–30 नवम्बर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट, मंडी के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित 'डिजिटल परिवर्तन और इसका व्यवसाय, अर्थव्यवस्था एवं पर्यावरण पर प्रभाव–सतत विकास लक्ष्यों (SDGs)' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश में रासायनिक प्रदूषकों की पर्यावरणीय निगरानी के लिए रिमोट सेंसिंग आधारित तकनीक' विषय पर ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ० बन्दना देवी ने 21 जुलाई, 2024 को भारतीय विज्ञान कथा अध्ययन संघ (IASFS) द्वारा आयोजित 23वें वार्षिक/8वें अंतरराष्ट्रीय साइंस फिक्शन ऑनलाइन सम्मेलन में भाग लिया।
- डॉ० बन्दना देवी ने 4–5 अक्तूबर, 2024 को न्यू लिटरेरिया पत्रिका एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय कर्नाटक द्वारा आयोजित 'ब्रिजिंग रियल्मस–मानविकी और सामाजिक विज्ञान में अंतःसंबंधों का अन्वेषण' नामक अंतर्राष्ट्रीय ई–संगोष्ठी में 'सुनहरे युग और डिस्टोपिया का विरोधाभास–आर्थर सी० क्लार्क के विज्ञान कथा उपन्यास चाइल्डहुड्स एंड का अध्ययन' विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।

- डॉ० बन्दना देवी ने 28–29 अक्तूबर, 2024 को अंग्रेजी और सांस्कृतिक अध्ययन विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित 'पुनराविष्कृत मानविकी–संकट के दौर में संभावनाएँ और दृष्टिकोण' नामक राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'आर्थर सी० क्लार्क के विज्ञान कथा उपन्यास–द फाउंटेन्स ऑफ पैराडाइज के माध्यम से विज्ञान और मानविकी के विभाजन का विश्लेषण' शीर्षक के तहत एक शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।
- प्रो० संदीप कुमार ने 18–19 अक्तूबर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय सिराज स्थित लम्बाथाच द्वारा आयोजित 'स्थानीय ज्ञान निर्माण का स्थानिकरण–लोकल बोलियों को सशक्त बनाने की दिशा में' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'सिद्धांत को व्यावहारिक नवाचार से जोड़ना' विषय पर ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- प्रो० चंद्र पाल ने 18–19 अक्तूबर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय सिराज स्थित लम्बाथाच द्वारा आयोजित 'स्थानीय ज्ञान निर्माण का स्थानिकरण– लोकल बोलियों को सशक्त बनाने की दिशा में' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'वैश्विकीकृत दुनिया में शासन और संप्रभुता के लिए स्थानीय और वैश्विक विभाजन को समाप्त करना' विषय पर ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ० आशा सिंह ने 27 सितम्बर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, मंडी द्वारा 'परिवर्तनशील विश्व में सतत पर्यटन का प्रभाव–चुनौतियां और अवसर' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'स्थिरता से सम्बंधित डिजाइन और नीति के लिए गणितीय उपकरणों का योगदान' विषय पर ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ० आशा सिंह ने 29–30 नवम्बर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट, मंडी के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित 'डिजिटल परिवर्तन और इसका व्यवसाय, अर्थव्यवस्था एवं पर्यावरण पर प्रभाव–सतत विकास लक्ष्यों (SDGs)' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'डिजिटल परिवर्तन के माध्यम से सतत विकास को आगे बढ़ाना–वैश्विक आर्थिक वृद्धि और सतत लक्ष्यों की प्राप्ति में प्रौद्योगिकी की भूमिका' विषय पर ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ० पूनम चौधरी ने 27 सितम्बर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, मंडी द्वारा 'परिवर्तनशील विश्व में सतत पर्यटन का प्रभाव–चुनौतियां और अवसर' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'रसायन विज्ञान में भविष्य की संभावनाएँ सतत भविष्य के लिए नवीन दृष्टिकोण' विषय पर ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ० पूनम चौधरी ने 29–30 नवम्बर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट, मंडी के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित 'डिजिटल परिवर्तन और इसका व्यवसाय, अर्थव्यवस्था एवं पर्यावरण पर प्रभाव–सतत विकास लक्ष्यों (SDGs)' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'पर्यावरण में रासायनिक प्रदूषकों के निवारण के नवीन तकनीकी उपाय' विषय पर ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- प्रो० अजय कुमार सिंह ने 18–19 अक्तूबर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय सिराज स्थित लम्बाथाच द्वारा आयोजित 'स्थानीय ज्ञान निर्माण का स्थानिकरण–लोकल बोलियों को सशक्त बनाने की दिशा में' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'शैक्षिक श्रमिक–परायापन और उच्च शिक्षा का संकट' विषय पर ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- प्रो० अजय कुमार सिंह ने 24–25 अक्तूबर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, मंडी द्वारा आयोजित 'संकटों में त्रिकोण से निपटने में प्रौद्योगिकी की भूमिका जैव विविधता की हानि, जलवायु

परिवर्तन और सतत भविष्य' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'स्वदेशी ज्ञान और पर्यावरणीय लचीलापन–वन गुज्जर दृष्टिकोण' विषय पर ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।

- प्रो० अजय कुमार सिंह ने 25–26 नवम्बर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय भोरंज (तरक्वारी) द्वारा आयोजित 'सशक्त महिलाएँ, नवाचारी समाधान और सतत पर्यावरण–उदय 2024' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'वन गुज्जर महिलाओं को सशक्त बनाना–हिमाचल प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण की उत्प्रेरक' विषय पर ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- प्रो० अजय कुमार सिंह ने 29–30 नवम्बर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट, मंडी के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित 'डिजिटल परिवर्तन और इसका व्यवसाय, अर्थव्यवस्था एवं पर्यावरण पर प्रभाव–सतत विकास लक्ष्यों (SDGs)' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'वन गुज्जर को सशक्त बनाना– हिमाचल प्रदेश में पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान में डिजिटल उपकरणों की भूमिका' विषय पर ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- प्रो० सुरेश कुमार ने 18–19 अक्तूबर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय सिराज स्थित लम्बाथाच द्वारा आयोजित 'स्थानीय ज्ञान निर्माण का स्थानिकरण–लोकल बोलियों को सशक्त बनाने की दिशा में' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'इतिहास में स्थानीय ज्ञान प्रणाली' विषय पर ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- प्रो० सुरेश कुमार ने 24–25 अक्तूबर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, मंडी द्वारा आयोजित 'संकटों में त्रिकोण से निपटने में प्रौद्योगिकी की भूमिका–जैव विविधता की हानि, जलवायु परिवर्तन और सतत भविष्य' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'अतीत से सीखना– ऐतिहासिक पर्यावरणीय आपदाएँ भविष्य को कैसे आकार देती हैं' विषय पर ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- प्रो० नीलम ने 27 सितम्बर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, मंडी द्वारा 'परिवर्तनशील विश्व में सतत पर्यटन का प्रभाव–चुनौतियां और अवसर' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'हिमाचल प्रदेश में डिजिटल बैंकिंग और सतत पर्यटन के बीच अंतर्संबंध–चुनौतियाँ और अवसर' विषय पर ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- प्रो० नीलम ने 29–30 नवम्बर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट, मंडी के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित 'डिजिटल परिवर्तन और इसका व्यवसाय, अर्थव्यवस्था एवं पर्यावरण पर प्रभाव–सतत विकास लक्ष्यों (SDGs)' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बैंकिंग और वितीय संस्थानों में कोर आधुनिकीकरण–डिजिटल परिवर्तन के लिए एक रणनीतिक ढांचा विषय पर ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- प्रो० हुक्म चंद ने 25–26 नवम्बर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय भोरंज (तरक्वारी) द्वारा आयोजित 'सशक्त महिलाएँ, नवाचारी समाधान और सतत पर्यावरण–उदय 2024' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'नेमाटोड्स–पर्यावरणीय स्वास्थ्य और सतत विकास में प्रमुख भूमिका' विषय पर ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- प्रो० अनीता कुमारी ने 25–26 नवम्बर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय भोरंज (तरक्वारी) द्वारा आयोजित 'सशक्त महिलाएँ, नवाचारी समाधान और सतत पर्यावरण–उदय 2024' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'हिमाचल प्रदेश के चौहार घाटी, मंडी की महिलाएं–समृद्धि और सशक्तिकरण की ओर अग्रसर' विषय पर ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ० सरोज कुमारी शर्मा ने 26–27 दिसम्बर, 2024 को इतिहास विभाग, सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी द्वारा 'सरदार वल्लभभाई पटेल–राष्ट्रीय एकता और भारत का एकीकरण' विषयक राष्ट्रीय

संगोष्ठी में 'राष्ट्रीय एकता और अखंडता में सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान' नामक विषय पर व्याख्यान दिया।

## संकाय विकास कार्यक्रम (FDP/Refresher Course)

- डॉ० संजय कुमार सहगल, प्रो० चंद्र पाल, प्रो० अजय कुमार सिंह तथा प्रो० सुरेश कुमार ने 21–26 अक्तूबर, 2024 तक पुणे इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट और बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पी०जी० कॉलेज द्वारा आयोजित 'शोध विधि' विषयक साप्ताहिक संकाय विकास कार्यक्रम में भाग लिया।
- डॉ० बन्दना देवी ने 8–14 जुलाई, 2024 तक गोकुल ग्लोबल विश्वविद्यालय सिद्धपुर, गुजरात द्वारा आयोजित 'पुनर्निर्मित स्वदेशी नारीत्व–अस्तित्व की पहचान' विषयक साप्ताहिक संकाय विकास कार्यक्रम में भाग लिया।
- डॉ० बन्दना देवी ने 20–26 जुलाई, 2024 तक गोकुल ग्लोबल विश्वविद्यालय, सिद्धपुर, गुजरात द्वारा आयोजित 'भावनात्मक बुद्धिमत्ता की कला में निपुणता' विषयक साप्ताहिक संकाय विकास कार्यक्रम में भाग लिया।
- डॉ० आशा सिंह ने 2–8 जुलाई, 2024 तक एमबीए आंध्रा लॉयला कॉलेज, विजयवाड़ा, शैक्षिक प्रशिक्षण वरलक्ष्मी आंध्र प्रदेश, द्वारा आयोजित 'डेटा एनालिटिक्स के लिए गूगल कोलैब का उपयोग करके पायथन प्रोग्रामिंग' विषयक साप्ताहिक कार्यशाला सह संकाय विकास कार्यक्रम में भाग लिया।
- डॉ० आशा सिंह ने 1–12 अगस्त, 2024 तक मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र, असम विश्वविद्यालय, सिलचर द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 ओरिएंटेशन एवं संवेदनशीलता कार्यक्रम' विषयक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किया।
- प्रो० नीलम ने 31 जुलाई–14 अगस्त, 2024 तक रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षण अधिगम केंद्र एवं वाणिज्य विभाग द्वारा एसएसटी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, उल्हासनगर, महाराष्ट्र द्वारा आयोजित 'वाणिज्य' विषयक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किया।
- डॉ० सरोज कुमारी शर्मा ने 6–12 नवंबर, 2024 तक महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'पर्यावरणीय पुनर्वास में नैनोप्रौद्योगिकी की भूमिका' विषयक साप्ताहिक संकाय विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

## विभागीय परीक्षा (Departmental Exam)

- जुलाई, 2024 में वाणिज्य विभाग की प्रो० नीलम ने HIPA द्वारा आयोजित विभागीय परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया।

## महाविद्यालय की आवश्यकताएँः–

मान्यवर,

मैं आपका ध्यान महाविद्यालय की कुछ गंभीर समस्याओं की ओर आकृष्ट करना चाहूँगाः–

- हिंदी, इतिहास और राजनीति विज्ञान विषयों की स्नातकोत्तर कक्षाएँ प्रारंभ की जाएँ।
- पूर्व में स्थापित 10 सौर स्ट्रीट लाइट्स के अतिरिक्त, सुरक्षा हेतु 20 और लाइट्स लगवाई जाएँ।

- ❖ विद्यार्थियों के आवागमन के लिए बस सेवाओं में वृद्धि की जाए।
- ❖ दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों के लिए छात्रावास का निर्माण करवाया जाए।
- ❖ रसायन विज्ञान, भौतिकी और संगीत के रिक्त पदों को यथाशीघ्र भरा जाए, ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करेंगे।

मान्यवर,

सत्र 2024–25 के अपने इस वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम से मैंने इस महाविद्यालय की जिन उपलब्धियों की चर्चा की है उन्हें साकार रूप देने का श्रेय महाविद्यालय के योग्य प्राध्यापक वर्ग, कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी वर्ग तथा अनुशासित विद्यार्थियों को जाता है। मैं इन सभी के प्रति आभार प्रकट करता हूँ।

महाविद्यालय के चहुंमुखी विकास के लिए समय–समय पर जो सहयोग, स्थानीय उप–मंडलाधिकारी (नागरिक), पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई एवं जल शक्ति विभाग, चिकित्सा विभाग तथा पत्रकार बंधुओं ने दिया है। इन सभी के प्रति मैं आभार व्यक्त करता हूँ। आशा करता हूँ कि आगे भी इनका सहयोग मिलता रहेगा।

माननीय, ठाकुर कौल सिंह जी के हम विशेष रूप से आभारी हैं जिन्होंने इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने हेतु सहमती प्रदान की।

यहाँ पधारे प्रमुख नागरिकों एवं अतिथियों का हार्दिक धन्यवाद। आपके पधारने से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ी है। पुरस्कृत विद्यार्थियों को पुरस्कार प्राप्ति के लिए बधाई। जिन्हें पुरस्कार नहीं मिल पाए हैं, उनके लिए भविष्य में प्रयत्नशील रहने के लिए कामना करता हूँ। हमें आशा है कि आप अपनी मंजिल अवश्य पाएंगे और देश, समाज तथा समस्त मानव जाति कल्याण के लिए प्रयत्नशील रहेंगे।

**धन्यवाद!**

**जय हिन्द! जय हिमाचल!**